>

Title: Need to extend the North East Express train no. 12505/12506 from Anand Vihar to Jaipur via Luharu, Jhunjunu and Seekar to everyday.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से राजस्थान के झुन्झुनू जिले की सबसे बड़ी समस्या – ट्रेनों की कमी के विषय पर बोलना चाहता हूं । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12505/12506 कामख्या से आनंद विहार तक चलने वाली ट्रेन को लुहारू-झुन्झुनू-सीकर रिंग से होते हुए जयपुर तक बढ़ाया जाए ।

मैं इस ट्रेन को दिल्ली से जयपुर तक बढ़ाने की मांग इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि झुन्झुनू जिले में वर्ष 2016 से पहले रेलवे लाइन ब्रॉड-गेज नहीं थी । उससे पहले हमारे यहां दिल्ली से जयपुर सैनिक एक्सप्रेस चलती थी, जो हमारे यहां रोजाना आती थी । वर्ष 2016 में ब्रॉडगेज लाइन बनने के बाद यह ट्रेन प्रतिदिन न चलकर सिर्फ तीन दिन ही चलती है । इसलिए, मैं उक्त ट्रेन की मांग कर रहा हूं कि इसे बढ़ाया जाए । यह ट्रेन कामख्या में 16 घंटे और आनंद विहार में 12 खड़ी रहती है । इस ट्रेन को जब मैं प्रतिदिन चलाने की मांग करता हूं, तो यह कहा जाता है कि ट्रेन को खड़ा करने के लिए जगह नहीं है । यदि इस ट्रेन को वहां तक भेजा जाएगा, तो शायद इसके रैक की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।